1191

80
30/6/17
सीमा शुल्क आयुक्त का कार्यालय
OFFICE OF THE
COMMISSIONER OF CUSTOMS
27 JUN 2017
/ TIRUCHIRAPPALLI

आयुक्त का कार्यालय

सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर

113/4, संजय प्लेस, आगरा

फ़ोन नं.0562-2850292; फैक्स नं.0562-2851234; ई मेल : commissionerateagra@gmail.com

पत्र सं II (15)04/हिन्दी पत्रिका/2015

दिनांक : 15.06.2017

सेवा में,

आयुक्त,
सीमा शुल्क,
नं. 1, विलियम्स रोड, कैंटोनमेंट,
तिरुचिरापल्ली-620001

AC(PW)

महोदय/ महोदया ,

विषय: आगरा आयुक्तालय की विभागीय गृह पत्रिका "ताज-मंजरी" के द्वितीय अंक के प्रकाशन के सम्बन्ध में

मुझे यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है कि सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवाकर आयुक्तालय, आगरा के द्वारा विभागीय हिन्दी पत्रिका "ताज-मंजरी" का द्वितीय अंक प्रकाशित किया जा रहा है |

उपरोक्त विषय पर यह भी अवगत कराना चाहता हूँ कि वित मंत्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत व्यय विभाग के निर्देशों / सुझावों को ध्यान में रखकर, इस वर्ष पत्रिका का **'ई-प्रकाशन'** करने का निर्णय लिया गया है | पत्रिका के ई-प्रकाशन से जहाँ एक ओर कागज की बचत होगी वहीं दूसरी ओर विभागीय व्यय को नियन्त्रित किया जा सकेगा | पत्रिका "ताज-मंजरी" का द्वितीय अंक, आगरा आयुक्तालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर **निम्नवत मार्ग (path)** से डाउनलोड किया जा सकता है:-

01. आगरा आयुक्तालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.ccestagra.gov.in**
02. वेबसाइट के मुख पृष्ठ / Home Page पर **हिन्दी राजभाषा विकल्प के अंतर्गत "विभागीय पत्रिका : ताज मंजरी भाग-2"** लिंक पर क्लिक करें |.

पत्रिका 'ताज मंजरी' के प्रथम अंक पर सम्पूर्ण देश से भारी मात्रा में शुभकामनाएं/प्रशंसा पत्र/प्रतिक्रियाएं सुझाव इत्यादि प्राप्त हुए | समस्त प्रतिक्रियाओं/सुझावों का हृदय से स्वागत और उनको ध्यान में रखकर पत्रिका के द्वितीय अंक को और अधिक ज्ञानवर्धक और रुचिकर बनाने का हरसंभव प्रयास किया गया है |

ऐसा अनुरोध है और आशा करता हूँ कि पूर्व की भांति पत्रिका के सम्बन्ध में आपके अमूल्य विचार/सुझाव/प्रतिक्रियाएं इस कार्यालय को अवश्य प्राप्त होंगे | आपके विचार/सुझाव हमारे लिए न केवल प्रेरणा-स्त्रोत का कार्य करेंगे अपितु इससे पत्रिका के आगामी अंक को और अधिक श्रेष्ठ बनाने में निश्चित रूप से सहायता मिलेगी |

आपके बहुमूल्य विचार और प्रतिक्रियाओं की प्रतीक्षा में |

धन्यवाद |

भवदीय,

15-06-17

(रुद्र प्रताप सिंह)
उपायुक्त (राजभाषा)
सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं
सेवाकर आयुक्तालय, आगरा